के बेचे जाने बारे में सरकार को कोई जानकारी नहीं है।

(घ) यह जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है और एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

**बैंक आफ बड़ौदा की बारोट शाखा द्वारा धनराशि का दुर्विनियोग**

9903. **श्री रामजी भाई मावणि** : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बैंक आफ बड़ौदा की बारोट (इलाहाबाद) शाखा के अधिकारियों द्वारा लाखों रुपयों की धोखाधड़ी और दुर्विनियोग किया गया है;

(ख) यदि हां, तो कुल कितनी राशि की धोखाधड़ी की गई है और इसकी वसूली के लिए क्या कार्यवाही की गई है;

(ग) क्या यह भी सच है कि मार्च, 1984 के पहले सप्ताह के दौरान उपर्युक्त शाखा के प्रबन्धक ने जिले के बाहर के व्यक्तियों को हजारों रुपए के ऋण, अभिलेखों में उनकी प्रविष्टि किए बिना दे दिये और जांच के दौरान बैंक की नकदी में वह राशि कम पाई गई;

(घ) यदि हां, तो अभिलेखों में प्रविष्टि किए बिना कुल कितनी राशि की अदायगी की गई और इसकी वसूली के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है;

(ङ) क्या इस धोखाधड़ी की केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच कराने और भ्रष्टाचार और कदाचार में लिप्त अधिकारियों की सेवायें निलंबित करने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**वित्त मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री जनार्दन पुजारी)** : (क) बैंक आफ बड़ौदा ने सूचित किया है कि बारोट शाखा के शाखा प्रबन्धक ने प्रक्रिया सम्बन्धी, अनियमितताएं की और अपने विवेकाधिकार की सीमाओं का उल्लंघन किया है।

(ख) शाखा द्वारा मंजूर की गई अनियमित सुविधाओं में अन्तर्गस्त कुल राशि कुछ लाख रुपए बताई जाती है। बैंक ने सूचित किया है कि वह समझा-बुझाकर तथा कानूनी अर्थात् दोनों तरीकों में अधिक से अधिक वसूली सुनिश्चित करने के उपाय कर रहा है।

(ग) और (घ) बैंक के अनुसार, इस मामले की जांच के दौरान न तो किसी अनियमितता का पता चला है और न ही अभी तक कोई सूचना मिली है।

(ङ) और (च) बैंक ने संबधित अधिकारी के खिलाफ आवश्यक विभागिय कार्यवाई की है।

**Cheque Drawing Powers by Deputy Directors Carpet Weaving Training Scheme at Varanasi and Srinagar**

9904. SHRI NARAYAN CHOUBEY : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) whether cheque-drawing powers have been given to the Deputy Directors under the Carpet Weaving Training Scheme Varansi and Srinagar ;

(b) whether these powers are mis-used by drawing public money unauthorisedly for personal benefit ;

(c) whether payments have been made to contractors other than those approved and engaged for transportation, etc ; and

(d) if so, the details thereof with amounts involved ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND IN THE DEPARTMENT OF SUPPLY (SHRI NIHAR RANJAN LASKAR) : (a) Yes, Sir.

(b) No such instance has come to notice so far.

(c) and (d) Do not arise.